सार-समाचार

## पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



**करौली**, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर इन दिनो पीने के पानी कि समस्या से लोग जूझते नजर आ रहे है वही कई मोहल्लो मे पेयजल आपूर्ति नाम मात्र कि दी जा रही है जिसको लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र चैधरी के नेतृत्व में पानी की समस्या को लेकर शहरी अभियंता को ज्ञापन देकर बताया कि शहर की कृष्णा कॉलोनी में पिछले 1 महीने से पेयजल आपूर्ति ठीक तरह से नहीं हो पा रही है जिससे कॉलोनी वासियो को परेशानी से जूझना पड़ रहा है साथ ही आदि बस्ती में पानी आता है आदि बस्ती में पानी नहीं आता है नलों में जब पानी आता है तो वह शुरूआत में गंदा पानी आता है जिससे बिमारी होने के चांस रहते हैं पूर्व में शहरी अभियंता को पानी की समस्या से अवगत करवा चुके हैं कि कृष्णा कॉलोनी में पिछले काफी समय से लाईन में गंदा पानी आ रहा है जिससे बिमारी होने का खतरा है अगर शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हमें मजबूर होकर के जिला कलेक्ट्रेट के सामने अनशन पर बैठना पड़ेगा इसलिए आप इस समस्या पर ध्यान दें और इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाधान करें।इस मौके पर पार्षद विनीत चैधरी, चेतन,सचिन,राजेश,राजकुमारी,कमला,सौमोती,पुष्मा,राजंती,सावित्री,मिथलेश,बबली,सुनीता,महादेवी,मंगलवाई,लीलावती आदि लोग मौजूद थे।

## फाग महोत्सव मनाया

**भरतपुर**, (निसं)। श्री रामलीला समिति भरतपुर के तत्वावधान में पुराने लक्ष्मण मंदिर के प्रांगण में श्री ब्रजेश कौशिक की अध्यक्षता व पाराषर नारायण शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष समता आन्दोलन के विषेश आतिथ्य में फाग महोत्सव मनाया गया। उपस्थित सभी भक्तजनों को चंदन लगाकर स्वागत किया व फूलों से होली खेली गई। महोत्सव का षुभारम्भ श्री ब्रजेष गोस्वामी के मंगलाचरण ''ब्रज की तोह लाज मुकुट वारे...'' गायन व सरस्वती वंदना से किया गया। मंच का षानदार संचालन रेणुदीप गौड द्वारा किया गया। कवि व साहित्यकार सुरेष चंद सुमनेश, गोविन्द डागुर, षैलेश षर्मा, नरेन्द्र निर्मल, डॉ. रामदास षर्मा द्वारा साहित्यिक रचना सुनाई गई। डॉ. अषोक कुमार गुप्ता ने ''होली आई रे कन्हाई..'' हरिओम दिवाकर द्वारा ''खुद ही रंग लगाया होगा उसने अपने गालों पर'' एक सैनिक की होली मिलन की आकांक्षा का वर्णन किया। राकेश राजस्थानी द्वारा ''उड रहे रंग हजार ब्रज की होली में'' गायन कर सभी का मन मोह लिया। महेषचंद सिंघल द्वारा राधा कृष्ण वोल के होली खेलो दिल खोल के, लड्डू खाये तो अब लठ्ठ भी खाओ, ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा ''होली खेलन आयो श्याम आज यायै रंग में बोरो री''। ब्रजेश गोस्वामी द्वारा ''नैक आगे आ श्याम तो पै रंग डारू'', कवियत्री प्रियंका पुरोहित ने ''मच रहा होली का हुडदंग', जमुना प्रसाद शर्मा द्वारा 'फाग खेलन आये हैं नटवर नंद किषोर' का गायन किया।

## पूर्व सांसद की सीएम से मुलाकात

**भरतपुर**, (निसं)। होली मिलन समारोह के अवसर पर जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भरतपुर के पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगे बढ़कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने पंड़ित रामकिशन को गुलाल और चन्दन लगाकर दी होली की शुभकामनाऐं। पूर्व सांसद ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शुभकामनाऐं दी। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन के सहयोगी इन्दल सिंह ने बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पंड़ित रामकिशन से उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली तथा उनके और दीर्घायु होने की कामना का। इस अवसर पर राज्य के पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ और अरुण चतुर्वेदी सहित अन्य अनेक प्रमुख नेताओं ने भी पंड़ित रामकिशन को गुलाल चन्दन का टीका लगाकर होली की शुभकामनाऐं दी ।

## जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री का स्वागत

**भरतपुर**, (निसं)। राजस्थान प्रयोगशाला सहायक परिषद के जिलाध्यक्ष भरतपुर पद पर नियुक्ति होने पर राजेश भारद्वाज एवं जिला मंत्री पद पर जलसिंह की नियुक्ति होने पर कर्मचारी महासंघ (भामस.)भरतपुर जिलाध्यक्ष हरवीर चौधरी के नेतृत्व में महासंघ कार्यकर्ताओं ने पटका, माला पहना कर मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस अवसर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं जिला मंत्री ने प्रदेश नेतृत्व एवं महासंघ जिलाध्यक्ष का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि बहुत ही जल्द एक कार्यकारिणी का गठन कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा महासंघ जिलाध्यक्ष हरवीर चौधरी ने 10 नए कर्मचारी भाई- बहनों को महासंघ की सदस्यता ठाहण कराई इस अवसर पर ओमेंद्र सिंह, वीरेंद्र दीक्षित,हरिओम, हिमांशु मंगल, प्रियंका सिंह, नीतू सिंह, भारती सिंह, अनुराधा, सुमित विजय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सक्षम नेत्र महाकुंभ की अनूठी पहल

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। सक्षम संस्था द्वारा आयोजित नेत्र महाकुंभ प्रयागराज में देश के कोने कोने से आने वाले तीन लाख श्रद्धालुओं, साधु संतों की नेत्र जांच कर लगभग दो लाख मरीजों को निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया। लगभग पचास हजार मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिंहित किये गये उनका ऑपरेशन भी किया जा रहा है। जयपुर प्रांत के नेत्र कुंभ संयोजक सुनील सिंघल ने बताया कि कुंभ प्रयागराज से लौटे मंडरायल के समीप पाचौली गांव निवासी पूरन कश्यप को सक्षम नेत्र महाकुंभ प्रयागराज में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिंहित किया गया। उनका निशुल्क ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण कांत शर्मा द्वारा देव दृष्टि आई हास्पिटल हिंडौन सिटी में किया गया। सक्षम जिला अध्यक्ष गजानंद शर्मा, संपर्क प्रमुख योगेश बंसल ने बताया कि कुंभ में जो लोग अपना ऑपरेशन नहीं करा पायें उनके अपने निवास क्षेत्र में ही सक्षम की स्थानीय टीम उनसे सम्पर्क कर उनके निवास जिले के नजदीकी अस्पताल में फ्री ऑपरेशन करवाने में मदद कर रहीं हैं।

## साधारण सभा की बैठक

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)।अपनाघर आश्रम हिंडौन सिटी की साधारण सभा की बैठक मुख्यालय द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी नरेंद्र तिवाड़ी भरतपुर ने चुनावी बैठक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। चुनाव अधिकारी नरेंद्र तिवाड़ी ने सदन को अवगत करवाया कि संस्था के सविंधान के अनुसार चयन समिति ने जिस कार्यकारिणी का वर्ष 2025-27 हेतु चयन किया है उसके अनुसार राकेश गोयल अध्यक्ष, सुरेश गुप्ता सचिव व नरसी गुप्ता को कोषाध्यक्ष चयनित किया गया है। जिसका सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से अनुमोदन किया। अनुमोदन के तत्काल बाद चुनाव अधिकारी द्वारा तीनों पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलवाई गई। मंच संचालन ललित शर्मा ने किया।

## करंट से अधेड़ की मौत

**नदबई**, (निसं)। नदबई क्षेत्र के गांव छतरपुर में सोमवार सुबह डीपबोर पर कार्य करने दौरान विद्युत करण्ट से अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। बाद में पुलिस ने नदबई चिकित्सालय में अधेड़ के शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामसरन सिंह पुत्र नवल सिंह, अपनी फसल में पानी देने के लिए डीपबोर पर कार्य कर रहा। इसी दौरान अचानक विद्युत करण्ट की चपेट से अचेत हो गया। परिजनों ने अधेड़ को चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए नदबई चिकित्सालय में अधेड़ के शव का पोस्टमार्टम कराया।

## अज्ञात वाहन की चपेट से युवक की मौत

**नदबई**, (निसं)। नदबई-जनूथर सडक मार्ग पर सोमवार सुबह गांव लुहासा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जनूथर थाना क्षेत्र के गांव नगला टेवटिया निवासी पंकज कुमार पुत्र करही, अपनी बाइक पर नदबई से अपने गांव जा रहा। इसी दौरान गांव लुहासा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से घायल हो गया। समीपवर्ती लोगों ने घायल को नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया।


# मंत्री बेढ़म ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सोमवार को बजट घोषणा 2025-26 में अंकित स्टेट हाइवे व अन्य सड़क निर्माण कार्य के अंतर्गत दिनांक 19.2.2025 को घोषित खोह से उत्तर प्रदेश सीमा (बरसाना) वाया सेउ, धमारी-नाहरचौथ सड़क का निरीक्षण किया। उक्त सड़क 15 किलोमीटर लंबी एवं 21.30 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण की जानी है।

मंत्री बेढ़म ने मौके पर उपस्थित अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण

- **सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को सड़क निर्माण के दौरान उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

विभाग आर.सी. मीणा को निर्देशित किया कि वे सड़क निर्माण के दौरान उच्च गुणवत्ता के निर्माण सामग्री का उपयोग करते हुए समयबद्ध रूप से सड़क निर्माण कार्य पूरा करे। उन्होंने कहा कि नगर विधानसभा में सड़कों के विस्तार, निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु



मंत्री बेढ़म ने खोह से उत्तर प्रदेश सीमा ( बरसाना ) वाया सेउ, धमारी-नाहरचौथ सड़क का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अनेकों सौगात दी गई है। ऐसे में किसी भी विभाग द्वारा विकास कार्यों के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस विभाग से सीओ मनीषा भी मौजूद रही।

गृह राज्य मंत्री ने बताया कि सभी क्षेत्रवासियों के सपनों को साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सभी के सर्वांगीण विकास के लिए हर मुमकिन कदम उठाए गए है। जालुकी, जनुथर, खोह, सीकरी क्षेत्र, नगर शहर सहित पूरे विधानसभा को विकास कार्यों से लाभान्वित करना ही प्रथम लक्ष्य रहा। सभी कार्यों की स्वीकृति और हज़ारों करोड़ों की योजनाएं धरातल पर नजर आ रही हैं और वो केवल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों से ही संभव हो पाया है। पूर्ववर्ती सरकारों में गौ तस्करी चरम पर थी, खोह का थाना घेराव घटना, ओवरलोडेड गाड़ियां नगर और सीकरी के बाजारों से गुजरती थी सहित अनेक अप्रिय घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। लेकिन 14 महीनों में ऐसी सभी अवांछित घटनाओं पर नकेल कसने का कार्य भजनलाल सरकार के निर्देशन में किया गया है।

## राजरानी शर्मा ने संभाला कार्यभार

**करौली**, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित नगरपरिषद के सभापति पद पर पूनम पचैरी को हटाकर वार्ड 34 कि पार्षद डॉ. राजरानी शर्मा को सभापति पद का कार्यभार सौपा जिन्होने सोमवार को पंडितो के मत्रोचारणो के बीच कार्यवाहक आयुक्त प्रेमराज मीणा ने करौली विधायक दर्शन सिह कि उपस्थिति मे पद कि शपथ दिलाते हुए पदभार ठाहण कराया। करौली नगरपरिषद के सभापति का पद प्रतिष्ठा का पद बनता देखा जा रहा है वर्ष 2020 मे हुए नगरपरिषद के चुनाव मे कांठोस पार्षदो का बहुमत बनने पर कांठोस कि पार्षद रसीदा खातून को सभापति पद पर चुना गया जिसके विरोध मे भाजपा कि पार्षद पूनम पचैरी चुनाव लडी थी जिसको हार का मुॅह देखना पडा मगर सभापति रसीदा खातून के खिलाफ गंभीर 'शिकायतो के चलते 15 जुलाई 2024 को निलम्बित कर दिया गया उसके बाद स्वायत शासन विभाग ने भाजपा पार्षद व भाजपा कि सभापति प्रत्याशी रही पूनम पचैरी को 17 जुलाई 2024 को नगरपरिषद कि कार्यवाहक सभापति नियुक्त कर दिया जिन्होने अपना पदभार ग्रहण कर लिया देखने लायक यह है की मात्रा 8 माह में कार्यवाहक पूनम पचैरी को सभापति पद से हटाकर वार्ड 34 से कांग्रेसके टिकिट पर चुनाव लड़कर विजयी हुई।

# जहर की शीशी लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

**भरतपुर**, (निसं)। डीग जिले के कुम्हेर क्षेत्र के पैघोर गांव का रहने वाला एक युवक गौरव पांचवीं बार पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर 4 बार पहले भी पानी की टंकी पर चढ़ चुका है। इसके अलावा एक बार भू समाधि ले चुका है। आज फिर से युवक जवाहर नगर स्वर्ण जयंती नगर कॉलोनी स्थित बीजेपी कार्यालय के बगल में स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। इस बार युवक अपने साथ एक छोटी बोतल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ना बताया है । युवक का कहना है बोतल में जहर है।

- **अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग**
- **पुलिस प्रशासन के अधिकारी समझाइश में जुटे**
- **भाजपा कार्यालय के बगल में स्थित है पानी की टंकी**

हालांकि इस युवक का मामला डीग जिले से जुड़ा हे लगता है भरतपुर में संभाग मुख्यालय होने से युवक सरकार एवं प्रशासन पर दबाव बना रहा है। पहले चार बार टंकी पर चढ़ने के मामले में पुलिस एवं प्रशाशन की ओर से एक भी बार कानूनी कार्यवाही नहीं की गई हे इस बार पता चलेगा युवक के टंकी से उतरने के बाद प्रशाशन का क्या रुझान रहता है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार युवक से बात कर रहे हैं। पुलिस सीओ सिटी पंकज यादव ने जब युवक से बात की तो, युवक ने सांसद से बात करने को कहा, लेकिन सांसद दिल्ली होने के कारण उनसे बात नहीं हो सकी। उसके बाद युवक ने डीग कुम्हेर विधायक शैलेश सिंह से बात करने को कहा। विधायक भी बाहर होने के कारण उनसे बात नहीं हो सकी। फिलहाल अधिकारी लगातार युवक से नीचे उतरने के लिए समझाइश कर रहे हैं।

भरतपुर तहसीलदार विनोद कुमार मीणा ने बताया कि हमें सूचना मिली थी की भाजपा कार्यालय के पास एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ा हुआ है। पता लगा है कि युवक के पिता सीआरपीएफ में थे। युवक के पिता का निधन हो गया। युवक अनुकंपा नियुक्ति को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा है। युवक को टंकी से नीचे उतारने की कोशिश जारी है। जब युवक नीचे उतर आएगा तो, युवक से बात की जाएगी

युवक ने बताया कि उसके पिता सीआरपीएफ में थे। जब राधेश्याम 3 महीने का था तब उसके पिता फील्ड ऑपरेशन के लिए नीमच से झारखंड के रांची जा रहे थे। उस दौरान उन्हें दिमागी बुखार आ गया। जिससे उनका निधन हो गया। राधेश्याम के पिता को शहीद का दर्जा नहीं मिला। पिता की मौत के बाद राधेश्याम को उसकी मां ने पाला। पिता की जगह नौकरी के लिए राधेश्याम की (18) साल होना जरुरी थी। 2019 में 18 साल का होने के बाद वह में नौकरी के लिए पहुंचा लेकिन, उसे मेडिकल में अनफिट करार दे दिया। सीआरपीएफ की तरफ से राधेश्याम को टीवी की शिकायत बताई गई। ने साल 2020 में राज्य सरकार को एक लेटर लिखा। जिसमें राधेश्याम के लिए एलडीसी पद पर नौकरी देने की सिफारिश की गई लेकिन, आज तक उसकी नौकरी नहीं लगी।

# महिला संगठन ने की गौ सेवा

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। 17 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला वैश्य महासम्मेलन गंगापुर सिटी द्वारा स्वर्गीय रामदास अग्रवाल की जयंती को वैश्य एकता दिवस के रूप में याद करते हुए सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर गोपाल गौशाला, दशहरा मैदान, गंगापुर सिटी में संगठन की महिला सदस्यों ने गायों को हरा चारा और गुड खिलाकर गौ सेवा का कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन की अध्यक्ष रीना पल्लीवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गौ सेवा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और स्वर्गीय रामदास अग्रवाल के योगदान को याद करना था। उन्होंने इस आयोजन में महिला सदस्यों की भागीदारी को सराहा और इसे एकता और सेवा का प्रतीक बताया।

इस आयोजन के माध्यम से महिला सदस्यों ने न केवल गायों को आहार प्रदान किया, बल्कि समाज में गौ संरक्षण की महत्ता को भी उजागर किया। आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर उपस्थित सभी ने इस पहल को सराहा और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की कामना की। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुशल खूंटेटा, जिला अध्यक्ष रीना पल्लीवाल, उपाध्यक्ष वर्षा नाटाणी, सांस्कृतिक मंत्री आरती जैन, मंत्री उर्मिला डांस, ममता खंडेलवाल, सुनीता आर्य, कौशल्या, दुलारी गर्ग, सरिता बजाज, साक्षी अग्रवाल सहित अन्य महिला सदस्य उपस्थित रही।

## मेला 19 मार्च को

**सूरौठ**, (निसं)। तहसील के समीपवर्ती गांव धाधरैन मे 19 मार्च को बाबा ब्रह्मचारी का मेला भरेगा सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के दौरान गांव में बैंड बाजे एवं आकर्षित झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी ,प्राचीन समय से चले आ रहे इस मेले में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे रात्रि में किसी प्रकार का कोई आयोजन नहीं होगा उसी दिन सुबह गाय की दूध की धार चारों तरफ गांव में लगाई जाएगी।

# अवैध खनन की रोकथाम हेतु गठित टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन की रोकथाम, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु गठित टास्क फोर्स की बैठक जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में सोमवार को पंचायत समिति सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने वन विभाग, पुलिस, खनिज एवं परिवहन विभाग के जांच दलों द्वारा जिले में अब तक अवैध खनन के विरुद्ध की गई कार्रवाई पर जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने जिले के माइनिंग क्षेत्रों, ई-ऑक्शन तथा लीज आवंटन की जानकारी लेते हुए कहा कि टास्क फोर्स से संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान खनि अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि जिला डीग की तहसील पहाड़ी, कामां, डीग, कुम्हेर, नगर, सीकरी, रारह, जनूथर एवं जिला भरतपुर की तहसील भरतपुर और नदबई में कुल 413 खनन पट्टे हैं। इस दौरान अवैध खनन/ निर्गमन के विरुद्ध वर्ष 2023-24 में कुल 193 प्रकरण दर्ज किए गए जिसके



जिला कलेक्टर नेअधिकारियों की बैठक ली।

अंतर्गत 208.70 लाख रुपए की वसूली की गई। इस दौरान 14 एफ.आई.आर दर्ज किए गए।

वहीं 2024-25 सत्र में 129 प्रकरण दर्ज किए गए और 175.35 लाख रुपए की वसूली की गई तथा 15 एफ.आई.आर दर्ज किए गए। दिनांक 26 मई, 2024 को नांगल क्षेत्र के खसरा संख्या 365 में अवैध पाए जाने पर विभाग द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई कर एक पोकलेन मशीन को जब्त कर सरकार किया गया तथा अवैध खनन कर्ताओं के विरुद्ध पुलिस थाना पहाड़ी में नामजद एफ.आई.आर दर्ज कराई गई।

17 अक्टूबर 2024 को नांगल क्षेत्र में ही खंडित खनन पट्टा के समीप अवैध खनन पाए जाने पर विभाग द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई कर एक पोकलेन मशीन को जब्त सरकार किया गया तथा अवैध खनन कर्ताओं के विरुद्ध पुलिस थाना पहाड़ी में नामजद एफ.आई.आर दर्ज कराई गई। इसके अतिरिक्त 24 अक्टूबर 2024 को छपरा क्षेत्र में अवैध खनन पाए जाने पर विभाग द्वारा अवैध खनन पाए जाने पर पांच पोकलेन मशीन/वाहनों को जब्त सरकार किया गया।

इसी प्रकार 28 फरवरी 2025 को की गई कार्रवाई में छपरा क्षेत्र में अवैध खनन पाए जाने पर विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध खनन कर्ताओं के विरुद्ध एफ.आई.आर दर्ज किया गया।

सार-समाचार

## बैठक में संगठन मजबूती पर की चर्चा



**करौली**, (निसं)। करौली शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस पार्टी की बैठक सोमवार को पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड के निवास पर आयोजित हुई। बैठक के दौरान करौली विधानसभा प्रभारी प्रदेश सचिव हिम्मत ने दोनों ब्लॉक के कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को मजबूत करने, ब्लॉक मण्डल से लेकर बूथ तक पार्टी को शसक्त बनाने और निष्क्रिय कार्यकर्ताओ कि जगह सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड ने सभी को साथ लेकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया जिला अध्यक्ष शिवराज मीना ने सबको साथ लेकर पार्टी हित में कार्य करने का पार्टी कार्यकर्ताओं को आव्हान किया और आगामी निकाय एवं पंचायती राज चुनाव मे पार्टी को मजबूत करने पर जोर इस अवसर पर कांठोस पार्टी जिला अध्यक्ष शिवराज मीना,करौली विधानसभा प्रभारी हिम्मत सिंह, पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड, प्रदेश कांठोस सचिव पुष्पेंद्र मीना, करौली शहर ब्लॉक अध्यक्ष राम गोपाल माली, ठाामीण ब्लॉक अध्यक्ष रामदयाल मीना, वरिष्ठ कांठोस पार्टी नेता चन्द्र प्रकाश मीना, नगर परिषद उप सभापति सुनील सैनी, उदय सिंह जाटव, प्रभाव चैधरी, प्रेम सिंह माली, राम गिलास जाटव,पार्षद दुर्जन सिंह जाटव, चंदर माली, हरी लाल जाटव, पूर्व पार्षद मजीद खान, रिजवान खान,बृजमोहन कोतवाल,पूर्व सरपंच बिहारी मीना, बाबू लाल मीना, देवी सिंह मीना, भूरसिंह मीना,जगनमोहन पटेल,मंटू लाल मीना सहित कांठोस पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**करौली**, (निसं )। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। टोडाभीम के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके।

## शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। जीवन ज्योति फांउण्डेशन के मीडिया प्रभारी मदन मोहन भास्कर ने बताया कि जीवन ज्योति फाउण्डेशन के द्वारा रक्तदान के अतिरिक्त भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल प्याऊ का मां चामुंडा देवी मंदिर चिनायटा से शुभारंभ किया गया। गर्मियों में पानी के अभाव के कारण आमजन बहुत त्रस्त रहता है इसे देखते हुए टीम के सदस्यों ने यह निर्णय लिया।फाउंडेशन के संचालक ओमप्रकाश डागुर में बताया कि संगठित होकर जरूरतमंदों की सेवा कार्यो से जुड़कर मानवीय सरोकार में पिछले 8 साल से मानवता कि सेवा कर कर रहे है। रक्तदान, निशुल्क जल सेवा,नेत्र जांच कैंप,रोटी बैंक, घुमन्तू गो सेवा जैसे प्रकल्पों के माध्यम से मानव व गोसेवा कार्यों में 5000 से ज्यादा सक्रिय सदस्य जुडे हुए है।

## मनमोहन गुप्ता बने अध्यक्ष



**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अग्रवाल युवा संगठन मिर्जापुर परिक्षेत्र की द्विवार्षिक नई कार्यकारिणी का चुनाव सोनी मैरिज होम में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी वेदप्रकाश गुप्ता और सतीश गुप्ता की देखरेख में सभी पद निर्विरोध भरे गए। मनमोहन गुप्ता को संगठन का अध्यक्ष चुना गया। विश्वनाथ गोयल उपाध्यक्ष और रवि शंकर गुप्ता महामंत्री बने। देवेंद्र गोयल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। गौरव मंगल संगठन मंत्री, धीरज गुप्ता सांस्कृतिक मंत्री, अनिल बंसल प्रचार मंत्री और खेमचंद गुप्ता सह मंत्री नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी में कुल 21 सदस्य शामिल किए गए। इनमें गौरव कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, नितिन कुमार अग्रवाल और सुनील कुमार मित्तल, राजेश गुप्ता, अमन सिंघल, गौरव कुमार गोयल, रोहित कुमार गुप्ता, सतीश चंद्र गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता और विशाल अग्रवाल भी कार्यकारिणी में शामिल हुए। निर्वाचन अधिकारियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, अग्रवाल समाज समि अध्यक्ष घनश्याम बजाजऔर अग्रवाल समाज समिति मिर्जापुर के अध्यक्ष लक्ष्मी चंद गुप्ता मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 'पदोन्नत नहीं तो काम नहीं' आंदोलन का आगाज

**करौली**, (निसं)। प्रदेश के 11 हजार ग्राम विकास अधिकारियों ने पदोन्नति कि मांग को लेकर प्रदेश की समस्त 33 जिला परिषदों एवं 357 पंचायत समितियों में ज्ञापन देकर आन्दोलन नहीं तो काम नहीं आंदोलन का आगाज किया।

इसी श्रृंखला में करौली जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में करौली जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना को भी ज्ञापन दिया गया। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी के प्रथम पदोन्नित पद सहायक विकास अधिकारी पर विगत 5 वर्षों से पदोन्नितया लंबित है तथा इसके अतिरिक्त लगभग 500 ग्राम विकास अधिकारियों के डेफर एवं बंद लिफाफा प्रकरण भी लंबित है। कुछ ग्राम विकास अधिकारियों के बंद लिफाफा एवं डेफर प्रकरण तो वर्ष 2003 से ही लंबित है। इसके साथ ही कार्मिक विभाग द्वारा जारी निर्देशों की पालना में तीन संतान से प्रभावित कार्मिकों को भी पदोन्नित प्रकरणों में शिथिलता प्रदान करते हुए उनकी पदोन्नित भी प्रथम पदोन्नित वर्ष में करने के लिए रिव्यू डीपीसी भी की जानी है लेकिन पंचायती राज विभाग द्वारा यह पदोन्नितयां नहीं की जा रही है ।ठााम विकास अधिकारी संवर्ग के साथ सहायक विकास अधिकारी,अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं विकास अधिकारी पद को सम्मिलित करते हुए लगभग 14600 का कुल कैडर है एवं समयबद्ध पदोन्नितयां नहीं होने से सभी संवर्गों में जबरदस्त निराशा और आक्रोश व्याप्त है। ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की पदोन्नितयां नहीं होने का मुख्य कारण उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर एस बी सिविल रिट याचिक संख्या 14955 2021 ग्यारसी लाल बनाम राज्य सरकार में विभाग की ओर से नियुक्त ओआईसी तथा याचिकाकर्ता की मिलीभगत से पंचायती राज पदोन्नित नियमों के विपरीत प्रस्तुत कि गई तथ्यात्मक रिपोर्ट के कारण पारित निर्णय 23 जनवरी 2023 है उन्होने बताया कि संगठन द्वारा उक्त समस्त तथ्य विभाग के संज्ञान में लाने के बाद भी आज दिनांक तक विभाग द्वारा ना ही तो उच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई है एवं ना ही नियम विरुद्ध ,अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर प्रस्तुत कि गई।